## प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 24.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार आज शाम तीन बजे थम जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार सावर्जनिजक संभाएं रैलियां और लाउडस्पीकर के जरिए प्रचार नहीं कर सकेंगे। प्रत्याशाी घर–घर जाकर व्यक्तिगत संपर्क अभियान चला सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 28 व तीसरे चरण के लिए 30 मई को मतदान होगा। इस बीच राज्य चुनाव आयोग ने पंचायतीराज चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। वहीं चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

कुल्लू–पंचायत चुनाव

कुल्लू जिला में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के कुल 3 लाख 17 हजार 476 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव के लिए कुल 7 हजार 228 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 26 मई को होने वाले इस चरण के लिए जिले में कुल 511 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए 2 हजार 601 सरकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे। इस चरण के दौरान कुल एक लाख 14 हजार 72 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं तथा प्रत्याशियों से शांतिपूर्ण मतदान के लिए सहयोग की अपील की हैं।

### मिड–डे–मील वर्कस–विरोध

लाहौल–स्पीति में पंचायती राज चुनावों के बीच मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स ने चुनावी ड्यूटी के दौरान पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के आदेशों का विरोध किया है। वर्कर्स का आरोप है कि जनजातीय क्षेत्र के दूरदराज इलाकों में रात 10 से 11 बजे तक ड्यूटी करना उनके लिए मुश्किल और असुरक्षित हो सकता है। यूनियन ने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से आदेश तुरंत वापस लेने की मांग की है।

*यूनियन का कहना है कि 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों में कई महिला वर्कर्स को देर रात तक भोजन तैयार करना पड़ेगा, जिससे उनकी सुरक्षा और घर वापसी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यूनियन ने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से आदेश तुरंत वापस लेने की मांग की है। साथ ही उनका कहना है कि सरकारी नियमों के अनुसार उनसे विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्य नहीं करवाए जाने चाहिए। फिलहाल इस मामले पर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।*

### जी–राम जी प्रारूप

केंद्र सरकार ने विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था 21 जून तक मसौदा नियमों पर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आईजीएमसी–रोबोटिक सर्जरी

आईजीएमसी शिमला में पहली बार बड़ी आंत यानी कोलन कैंसर की सफल रोबोटिक सर्जरी की गई है। निजी अस्पतालों में इस सर्जरी पर पांच लाख रुपये तक खर्च आता है जबकि आईजीएमसी में सिर्फ 30 हजार रुपये में ये ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। आईजीएमसी

के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. पुनीत महाजन और कैंसर सर्जन डॉ. यशपाल ने बताया कि बड़ी आंत के कैंसर से पीड़ित मरीज की रोबोटिक तकनीक से सफल सर्जरी की गई। चिकित्सकों ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी में कम दर्द, कम रक्तस्राव होता है और बड़े चीरे लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। आईजीएमसी में अब तक 38 रोबोटिक सर्जरी हो चुकी हैं, जिनमें कैंसर के तीन मरीज शामिल हैं। डॉक्टरों का कहना है कि आईजीएमसी में कम खर्च पर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान है।

बाइट...डॉ. पुनीत महाजन... सर्जरी विभाग प्रमुख, आईजीएमसी 57''

*बड़ी आंत का कैंसर था ये मरीज करीब डेढ़ 2 महीने पहले आया था। हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है कि हमने बाहर से कोई डॉ भी नहीं बुलाया ज्यादातर बडी सर्जरी के लिए हम बाहर से डॉ. बुलाते थे। वट एज ' 3 सर्जरी के लिए विदआउट हैल्प एंनेस्थीजिया टीम डॉ सुभाष, हमने सर्जरी के लिए तैयारी की हमारे पास डॉ यशपाल है जो हमारे कैंसर सर्जन हैं क्योकि और हमारे सीनियर रैजीडेंट सर्जन नीतिश और डॉ महिमा, डॉ रूबी हमारी टीम में तैयारी कि और हमने 20 तारीख को हमारी सर्जरी और रोबोटिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन कर दिया। इसमें जो प्रोसिजर था एल.ए.आर. बोलते हैं। बड़ी आंत को काट कर आपकों शायद याद होगा कई बार पूरी बड़ी आंत को काट कर आपको शायद होगा कई बार पूरी आंत को लेटरीन के रास्ते कैंसर को पूरा निकालते हैं। पेट के रास्मे निचले रास्ते फाईनली इसका रास्ता बनाना पड़ता है। रोबोटिक सज़री का ये फायदा रहा कि ये हिस्सा हम रोीटिक सर्जरी द्वारा बड़ी आसंत का काफी सारा हिस्सा निकाल कर उसका नार्मल रास्ता लेटरीन का रास्ता उसको जोड़ पाए।*

धर्मशाला में 'फिट इंडिया'

धर्मशाला में आज फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला द्वारा आयोजित इस विशेष अभियान की थीम 'स्टार्ट ऑफ कॉमनवेल्थ गेम्स–2030' रखी गई। कार्यक्रम में एक सौ से अधिक खिलाड़ी, प्रशिक्षु और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। साइकिल रैली के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके अलावा योग और स्किपिंग रोप जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉमनवेल्थ स्वर्ण पदक विजेता पहलवान बबीता फोगाट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ फिट इंडिया एंबेसडर दीपक मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों ने खिलाड़ियों और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हुए फिटनेस, अनुशासन और मेहनत का संदेश दिया। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के धावकों और प्रशिक्षकों से संवाद करने तथा अपने खेल से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर भी मिला।

...............